प्रादेशिक समाचार

19.09.2024 (संध्या—1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंची, कल नामकोम स्थित आइसीएआर के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में होंगी शामिल।

2. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल संताल परगना और धनबाद प्रमंडल में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा का करेंगे शुभारंभ, साहिबगंज और गिरिडीह में दो जनसभाओं को करेंगे संबोधित।

3. भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा— झारखंड में पार्टी की सरकार बनते ही संताल परगना में लागू किया जायेगा एनआरसी, झामुमो ने कहा— सीमा की सुरक्षा केन्द्र के हवाले

4. केन्द्र सरकार किसानों के लिए अगले महीने से कृषि चौपाल नाम से रेडियो और टीवी कार्यक्रम शुरु करेगी, किसानों को नवीनतम कृषि अनुसंधान और तकनीक की दी जायेगी जानकारी।

5. पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के आइइडी विस्फोट में सुरक्षा बल का एक जवान घायल, एयरलिफ्ट कर लाया गया रांची, कोल्हान में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंच गयी हैं। बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर राज्यपाल संतोष गंगवार ने उनका स्वागत किया। वे राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। कल सबेरे श्रीमती मुर्मू मूर्ति गार्डेन का उद्घाटन करेंगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि राष्ट्रपति दिन के लगभग 11 बजे रांची के नामकोम स्थित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान पहुंचेंगी और कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल संताल परगना और धनबाद प्रमंडल में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा का शुभारंभ करेंगे। श्री शाह सबसे पहले साहिबगंज के भोगनाडीह पहुंचेंगे और स्वतंत्रता सेनानी सिद्धो—कान्हो को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद साहिबगंज के पुलिस लाइन मैदान में वे संताल परगना प्रमंडल के लिए परिवर्तन संकल्प यात्रा की शुरुआत करेंगे। इस मौके पर वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। केन्द्रीय गृहमंत्री गिरिडीह से धनबाद प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा की भी शुरुआत करेंगे। यहां झारखंड धाम में भी वे एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

****

भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने आज साहिबगंज और गिरिडीह में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान साहिबगंज में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर राज्य सरकार पर फिर हमला बोला। श्री सरमा ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही संताल परगना में एनआरसी लागू किया जायेगा।

****

इस बीच झामुमो ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले को लेकर भाजपा पर पलटवार किया है। जमशदेपुर में पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के केन्द्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि सीमा की सुरक्षा की जिम्मेवारी केन्द्र सरकार की होती है।

****

इधर, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज गिरिडीह जिले के जमुआ प्रखंड स्थित झारखंडी धाम में कल के प्रस्तावित गृह मंत्री अमित शाह की सभा की तैयारी की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है।

****

केन्द्र सरकार कृषि अनुसंधान और तकनीक पर अगले महीने से कृषि चौपाल नाम से रेडियो और टीवी कार्यक्रम शुरू करेगी। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में कृषि मंत्रालय की 100 दिनों की उपलब्धियां बताते हुए इस कार्यक्रम की घोषणा की।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केन्द्र सरकार पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। गढ़वा जिले में आज आपकी योजना—आपकी सरकार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने कहा कि पीएम आवास योजना में उपेक्षा के कारण ही राज्य सरकार को अबुआ आवास योजना की शुरुआत करनी पड़ी।

****

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने अधिकारियों को नियमित रुप से जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति–दिशा की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया है। सरायकेला–खरसांवा जिले में दिशा की बैठक के बाद श्री सेठ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के आइइडी ब्लास्ट की चपेट में आने से आज 209 कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया। यह घटना सारंडा जंगल के इलाके में हुई। घायल जवान को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया है। उन्होंने बताया कि कोल्हान में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है।

****

स्वच्छता ही सेवा अभियान के माध्यम से रामगढ़ जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

********समाप्त********